**INDIAN SCHOOL SOHAR**
TERM-1 EXAMINATION (2019-20)

दिनांक: **29-09-2019** विषय:हिंदी पूर्णांक: **80**
कक्षा: **VIII** समय: **3** घण्टे

निर्देश : **1**.इस प्रश्न -पत्र में चार खंड हैं-क,ख,ग और घ।
**2**.चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
**3**.इस प्रश्न-पत्र में कुल **16** प्रश्न हैं।
**4**.प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न संख्या अवश्य लिखिए।

खंड-क ( अपठित गद्यांश )

प्रश्न **1**.निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- **10**

जल और मानव जीवन का संबंध अत्यंत घनिष्ठ है।वास्तव में जल ही जीवन है।विश्व की प्रमुख संस्कृतियों का जन्म बड़ी-बड़ी नदियों के किनारे ही हुआ है।बचपन से ही हम जल की उपयोगिता, शीतलता और निर्मलता के कारण उसकी ओर आकर्षित होते रहे हैं।किंतु नल के नीचे नहाने और जलाशय में डुबकी लगाने में ज़मीन-आसमान का अंतर है।हम जलाशयों को देखते ही उसमें तैरने के लिए मचल उठते हैं। आज व्यक्ति सागरों, नदियों और झीलों में तैरकर मनोविनोद करते हैं और साथ ही अपना शरीर भी स्वस्थ रखते हैं।स्वच्छ और शीतल जल में तैरना तन को स्फूर्ति ही नहीं मन को शांति भी प्रदान करता है।तैराकी आनंद की वस्तु होने के साथ-साथ हमारी आवश्यकता भी है।किंतु तैरने के लिए आदिमानव को निश्चय ही प्रयत्न, परिश्रम और निरंतर अभ्यास करना पड़ा होगा, क्योंकि उसमें अन्य प्राणियों की भाँति तैरने की जन्मजात क्षमता नहीं है।आज तैराकी एक कला के रूप में गिनी जाने लगी है।विश्व में जो भी खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाती हैं, उनमें तैराकी प्रतियोगिता अनिवार्य रूप से सम्मिलित की जाती है।

**प्रश्न**

(क) तैराकी के द्वारा क्या-क्या लाभ प्राप्त होते हैं?

(ख) अन्य प्राणियों की तरह मनुष्य में कौन- सी जन्मजात क्षमता नहीं है ?

(ग) हम जल की ओर क्यों आकर्षित होते हैं?

(घ) मनुष्य ने तैराकी की कला कैसे प्राप्त की ?

(ङ) तैराकी की विश्व में महत्ता कैसे प्रकट होती है?

(च) **'ता' प्रत्यय** वाले किन्हीं दो शब्दों को गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखिए।

(छ) 'साफ़' और 'ठंडा' के **पर्यायवाची** शब्द गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखिए।

(ज) 'आलस्य' और 'अस्वस्थ' - शब्दों के **विलोम** गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखिए।

खंड-ख ( व्याकरण )

प्रश्न **2**.(i) निम्नलिखित शब्दों की **वर्तनी शुद्ध** कीजिए :- **2**

(क) रचियता (ख) धनयावाद

PTO

(ii) निम्नलिखित **वाक्यों को शुद्ध** करके लिखिए:- **2**

(क) पुस्तकों में अलमारी को रख दो। (ख) तुम तुम्हारी पुस्तक पढ़ो।

प्रश्न **3**. निम्न वाक्यों में रेखांकित शब्दों के **लिंग बदलकर** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :- **2**

(क) रमेश वीर है और उसकी बहन ——— है।

(ख) सलीम और सलमा नाटक के नायक और ————— हैं।

प्रश्न **4**. निम्न वाक्यों में रेखांकित शब्दों के **वचन बदलकर** वाक्यों को दुबारा लिखिए :- **2**

(क) गुलाब के पौधे पर कली खिल गई।

(ख) आज बच्चों ने कविता सुनाई।

प्रश्न **5**.(i) निम्नलिखित **वाक्यों के अर्थ के आधार पर भेद** लिखिए :- **4**

(क) आपकी यात्रा मंगलमय हो।

(ख) आप कहाँ जा रहे हैं?

(ii) निर्देशानुसार अर्थ के आधार पर **वाक्य परिवर्तन** कीजिए :-

(क) अच्छी वर्षा से अच्छी फसल होती है।(संकेतवाचक)

(ख) वह सामान खरीदने के लिए बाज़ार गया है। (संदेहवाचक)

प्रश्न **6**.(i) निम्नलिखित शब्दों में **संधि** कीजिए :- **2**

(क) पुस्तक + आलय (ख) पो +अन

(ii) निम्नलिखित शब्दों का **संधि विच्छेद** कीजिए :- **2**

(क) सदैव (ख) अत्यंत

प्रश्न **7**. निम्न वाक्यों में रेखांकित शब्दों के **पर्यायवाची शब्द** लिखकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :- **2**

(क) पर्वतों का राजा होने के कारण हिमालय को ——— कहते हैं।

(ख) चिड़ियाघर शब्द में चिड़िया शब्द का अर्थ है-—————— ।

प्रश्न **8**.निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों के पद भेद पहचानकर लिखिए :- **2**

(क) पंकज पुस्तक पढ़ता है। (ख) अच्छा! तुम भी वहाँ रहते हो।

## खंड-ग ( साहित्य )

प्रश्न **9**. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए :- **5**

(क) वक्त (ख) निसानी (ग) सहेजकर (घ) ढाँढ़स (ङ) थामना

प्रश्न **10**.निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :- **4**

(क)खबर (ख) म्यान (ग) अभी- भी (घ) वातावरण

प्रश्न **11**.निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- **6**

बस की रफ़्तार अब पंद्रह-बीस मील हो गई थी। मुझे उसके किसी हिस्से पर भरोसा नहीं था। ब्रेक फेल हो सकता है, स्टीयरिंग टूट सकता है। प्रकृति के दृश्य बहुत लुभावने थे। दोनों तरफ़ हरे-भरे पेड़ थे जिन पर पक्षी बैठे थे। मैं हर पेड़ को अपना दुश्मन समझ रहा था। जो भी पेड़ आता, डर लगता कि इससे बस टकराएगी। वह निकल जाता तो दूसरे पेड़ का इंतज़ार करता। झील दिखती तो सोचता कि इसमें बस गोता लगा जाएगी।

प्रश्न

(क) बस किस रफ़्तार से चल रही थी?

(ख) लेखक को बस पर भरोसा क्यों नहीं रहा?

(ग) सड़क के दोनों ओर प्रकृति के कैसे दृश्य थे?

(घ) लेखक हर पेड़ को अपना दुश्मन क्यों समझ रहा था ?

(ङ) इस गद्यांश के पाठ तथा लेखक का नाम लिखिए।

प्रश्न **12**.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए :- **5**

(क) 'दीवाने' शब्द किनके लिए प्रयुक्त किया गया है?

(ख) प्राचीनकाल में संचार के साधन क्या थे?

(ग) बादल और पक्षी द्वारा लाई गई चिट्ठियों को कौन-कौन पढ़ पाते हैं?

(घ) लेखक ने टिकट बाबू को कितने रुपये का नोट दिया?

(ङ) चिड़िया नीड़ क्यों बनाना चाहती है?

प्रश्न **13**.निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं 5** प्रश्नों के उत्तर विस्तार में लिखिए :- **15**

(क) 'तलवार का महत्व होता है म्यान का नहीं' - उक्त उदाहरण से कबीर क्या कहना चाहते हैं?

(ख) 'यह कठिन समय नहीं है' यह बताने के लिए कविता में कौन- कौन से तर्क प्रस्तुत किए गए हैं? स्पष्ट कीजिए।

PTO

(ग) लेखक ने स्वीकार किया है कि लोगों ने उन्हें भी धोखा दिया है फिर भी वह निराश नहीं है। आपके विचार से इस बात का क्या कारण हो सकता है?

(घ) कवि ने पक्षी और बादल को भगवान के डाकिए क्यों बताया है?

(ङ) क्या चिट्ठियों की जगह कभी फैक्स, ई-मेल, टेलीफोन तथा मोबाइल ले सकते हैं?

(च) कवि ने अपने आने को 'उल्लास' और जाने को 'आँसू बनकर बह जाना' क्यों कहा है?

## खंड-ग ( लेखन )

प्रश्न **14**.निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग **70** से **80** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :- **5**

(क) मित्र-एक अनमोल रत्न

(ख) बरसात

(ग) राष्ट्रपिता 'महात्मा गांधी'

प्रश्न **15**. वार्षिक परीक्षा की अच्छी तैयारी करने के लिए छोटे भाई को एक प्रेरक पत्र लिखिए। **5**

या

विद्यालय की प्रधानाचार्या को खेलों के लिए आवश्यक सामान उपलब्ध कराने हेतु पत्र लिखिए ।

प्रश्न **16**. बस में सफ़र कर रहे दो यात्रियों के बीच हुए वार्तालाप को लगभग **50** शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए। **5**

या

'समय बहुमूल्य है'- विषय पर दो मित्रों के बीच हुए वार्तालाप को लगभग **50** शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए।

***************************************